कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025 **दिनांक 08/03/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 07.03.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना नन्दगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 201/2024 धारा 137(2), 87, 64(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07.03.2025 को थानाध्यक्ष नन्दगंज मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 201/2024 धारा 137(2), 87, 64(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट में नामित बाल अपचारी को बहद ग्राम फतेहउल्लाहपुर तिराहा (तलवल मोड़) थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बाल अपचारी का विवरण-

विधि का उल्लंघन करने वाला 01 नफर बाल अपचारी निवासी ग्राम गदाईपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 15 वर्ष।

बाल अपचारी का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 201/2024 धारा 137(2), 87, 64(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट थाना नंन्दगंज जनपद गाजीपुर।

02-थाना गहमर व ए0एन0टी0एफ0 की संयुक्त टीम द्वारा 410 ग्राम नाजायज हेरोईन (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 01 करोड़ 20 लाख रू0) के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 06.03.2025 को थाना गहमर एवं एएनटीएफ की संयुक्तत टीम के द्वारा प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ गाजीपुर सुरेन्द्र नाथ सिहं मय हमराह व प्रभारी निरीक्षक गहमर श्री अशेषनाथ सिंह मय हमराह व चौकी प्रभारी बारा उ0नि0 श्री विवेक कुमार पाठक मय हमराह द्वारा थाना गहमर गाजीपुर में मंगरखाई मोड़ के पास बहद् ग्राम बारा थाना गहमर जनपद गाजीपुर के पास से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त गजेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ बादल पुत्र जानार्दन पाण्डेय निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना मुफस्सिल जिला बक्सर बिहार उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से 410 ग्राम नाजायज हेरोईन बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 50/2025 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्वयाही की जा रही है।

विवरण पूँछतांछ –

पूछताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बताया कि यह हेरोईन चौसा बक्सर बिहार से धीरज पाण्डेय नाम के व्यक्ति से लेकर गाजीपुर के गहमर, दिलदार नगर जमानिया क्षेत्र में ले जा कर छोटी छोटी पुड़िया में भरकर बेचता हूँ धीरज पाण्डेय का पता व अन्य विवरण पूंछा गया तो बताया कि धीरज पाण्डेय के बारे में नाम के अलावा और कुछ नही पता है। बरामदशुदा माल व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर दिनांक 07.03.2025 समय 00.56 बजे मु0अ0सं0 50/2025 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता –

1. गजेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ बादल पुत्र जानार्दन पाण्डेय निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना मुफस्सिल जिला बक्सर बिहार उम्र करीब 26 वर्ष

गिरफ्तारी का विवरण –

दिनांक 06.03.2025 को मंगरखाई मोड़ के पास बहद् ग्राम बारा थाना गहमर जनपद गाजीपुर

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 50/2025 धारा 8/22/29/60 एनडीपीएसएक्ट थाना गहमर जनपद गाजीपुर

विवरण बरामदगी –

अभियुक्त के पास से 410 ग्राम नाजायज हेरोईन(मटमैले भूरे रंग का नशीला पाउडर) व एक अदद एन्ड्राइड मोबाइल व 2030 रुपये व आधार कार्ड,पेनकार्ड व ड्राइविंग लाइसेन्स व, एक अदद मोटर साइकिल नम्बर BR 44 L 5013 बरामद हुआ।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर